



# SSMV Bulletin

"नैक मूल्यांकित"

## श्यामलाल सरस्वती महाविद्यालय (पी.जी.)

(चौधरी चरणसिंह विश्वविद्यालय मेरठ से सम्बद्ध)

रज्जू भैया सरस्वती विहार, शिकारपुर, जिला–बुलन्दशहर

Website : www.ssmvcllg.com, Email : skr.ssmvcollege5@gmail.com

Phone : 9258321276, 9258321278, 7500815232, 9259649320

प्रकाशन वर्ष –2022 | अवधि : अक्टूबर – दिसम्बर | अंक – 16


### प्रबंधकीय संदेश



महोदय,

हर्ष का विषय है कि श्यामलाल सरस्वती महाविद्यालय, शिकारपुर, जिला बुलन्दशहर द्वारा त्रैमासिक न्यूजलैटर ''दृष्टि'' का प्रकाशन किया जा रहा है जिसमें महाविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों, शिक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं अन्य सभी आयोजनों का विवरण उपलब्ध है। उक्त न्यूजलैटर से स्पष्ट है कि महाविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु पठन पाठन के साथ ही विविध शैक्षिक एवं सह–शैक्षिक गतिविधियां भी समय–समय पर करायी जा रही हैं। मुझे तथा नवनिर्वाचित प्रबंध समिति को पूर्ण विश्वास है कि पूर्ववर्ती वर्षो की भांति उपरोक्त न्यूजलैटर महाविद्यालय में होने वाली विभिन्न गतिविधियों को सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों, शिक्षाविदों/विद्धानों एवं अन्य शिक्षण संस्थानों के समक्ष प्रस्तुत करता रहेगा तथा महाविद्यालय के प्रचार प्रसार में सहायक सिद्ध होगा।

अंत में त्रैमासिक न्यूज़लैटर ''दृष्टि'' के निरन्तर प्रकाशन के लिए सम्पादक मण्डल को हार्दिक शुभकामनायें व बधाई।

(अनुराग गोयल)
प्रबंधक

### सम्पादकीय



बन्धुवर,

विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु महाविद्यालय में पठन–पाठन के साथ ही समय–समय पर आयोजित होने वाली विभिन्न शैक्षणिक, सामाजिक तथा सांस्कृतिक गतिविधियों को ''दृष्टि'' त्रैमासिक न्यूज़लैटर के माध्यम से महाविद्यालय परिवार द्वारा प्रस्तुत किया जा रहा है। हम सभी जानते हैं कि समय परिवर्तनशील है जिसके क्रम में माह अक्टूबर 2022 में महाविद्यालय प्रबंध समिति का चुनाव हुआ जिसमें सर्वसम्मति से श्री अशोक कुमार मित्तल जी को अध्यक्ष, श्री अनुराग गोयल जी को प्रबंधक/सचिव एवं श्री अनिल कुमार मित्तल जी को कोषाध्यक्ष चुना गया।

सम्पादक मंडल उपरोक्त तीनों महानुभावों एवं नवनिर्वाचित प्रबंध समिति को बधाई तथा शुभकामनायें देता है तथा आशा करता है कि ''दृष्टि'' त्रैमासिक न्यूज़लैटर को नवनिर्वाचित प्रबंध समिति का आशीर्वाद एवं सहयोग प्राप्त होता रहेगा।

प्रदीप कुमार शर्मा
संपादक / पुस्तकालयाध्यक्ष


### सम्पादक मण्डल

| | |
|---|---|
| मुख्य सम्पादक | – डा0 अशोक कुमार शर्मा |
| सम्पादक | – प्रदीप कुमार शर्मा |
| सह–सम्पादक | – अभिनव राना |


### महाविद्यालय विशेषतायें एवं सुविधायें:-

- संस्कारी एवं अनुशासित वातावरण में रोजगारपरक उच्च शिक्षा।
- शांत, सुंदर व हरियाली युक्त परिसर।
- आई०सी०टी०, कम्प्यूटर लैब व स्मार्ट क्लासेज।
- सुव्यवस्थित प्रयोगशालायें तथा कक्षायें।
- पर्याप्त पुस्तकों सहित कम्प्यूटराइज्ड लाइब्रेरी।
- वाई–फाई इंटरनेट युक्त कैंपस।
- एन०सी०सी० तथा एन०एस०एस० यूनिट।
- सी०सी०टी०वी० कैमरा युक्त सुरक्षा व्यवस्था।
- सेमीनारों तथा कार्यशालाओं का आयोजन।
- निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु जेनरेटर तथा सोलर पावर।
- आर०ओ० युक्त शुद्ध पेयजल की व्यवस्था।
- क्रीडा सामग्री सहित विशाल खेल का मैदान।
- अनुशासित तथा व्यवस्थित छात्रावास सुविधा।



दिनांक 16 अक्टूबर, 2022 को महाविद्यालय की प्रबंध समिति का चुनाव चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के पर्यवेक्षक प्रोफेसर विजय मलिक की देखरेख में सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी पूर्व प्राचार्य डॉ. बालकृष्ण त्यागी ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री अनुराग गोयल को प्रबंधक/सचिव चुना गया जबकि श्री अशोक कुमार मित्तल को अध्यक्ष, डॉक्टर श्री गिरीश चंद गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, श्री पवन जायसवाल, कनिष्ठ उपाध्यक्ष, श्री संदीप जैन, उप प्रबंधक, श्री अनिल कुमार मित्तल, कोषाध्यक्ष तथा श्री राजेंद्र कुमार अग्रवाल को ऑडिटर चुना गया। वही डॉक्टर लक्ष्मी नारायण गुप्ता, श्री विपिन बंसल, श्री जयप्रकाश गर्ग, श्री सुधीर मित्तल, श्री मुकेश गर्ग, श्री नरेश चंद सिंघल, श्री पुरुषोत्तम वार्ष्णेय, श्री नीरज कंसल, श्री अरुण सिंघल, श्री सुशील बंसल तथा प्रोफेसर रूपनारायण को सदस्य चुना गया।

श्यामलाल सरस्वती महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षा विभाग में दिनांक 06.10.2022 से 22.10.2022 तक 15 दिवसीय कार्यशाला ''सूचना एवं सम्प्रेषण तकनीकी'' **"Information And Communication Technology" (ICT)** का आयोजन सहा० प्राध्यापक डॉ० संदीप कुमार एवं सहा० प्राध्यापिका श्रीमती कविता रानी के निर्देशन में किया गया जिसमें **B.Ed IInd Year** के सभी छात्र छात्राओं ने भाग लिया, इस कार्यशाला में निम्न बिंदुओं एवं तथ्यों पर कार्य किया गया–

**Introduction of ICT, Meaning, Concept, Principles, Use of ICT, Use of Radio, Audio-Visual Aids, TV in Education, Use of Newspapers & Computers in Education. Functional Knowledge of MS Office, MS Word, MS Excel, MS Power Point. Effective Browsing of Internet & Downloading, Competence in Software. Generating Demonstration using Computer Software, Developing PPT By Students, PPT presentation on Projector by Teachers & Students, Practice & Summarization of workshop.**

इस कार्यशाला के माध्यम से सभी छात्र–छात्राओं को इस योग्य बनाने की कोशिश की गयी कि वे अपने सभी ऑनलाइन कार्यों को स्वयं सम्पादित कर सके एवं **ICT** का प्रयोग करके अपने एवं अपने विद्यार्थियों के कार्यों को सही तरीके से कर सके तथा अपनी शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को सरल, बोधगम्य, आकर्षित एवं सहभागी बना सकें। इस कार्यशाला में डॉ० संदीप कुमार एवं श्रीमती कविता रानी द्वारा सभी विषयों पर व्याख्यान एवं कार्य कराये गए। कार्यशाला के अंत में डॉ० संदीप कुमार ने सभी विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना एवं सीखे हुए ज्ञान को यथासमय एवं यथासंभव प्रयोग करने के लिए अभिप्रेरणा देते हुए बधाई दी एवं कार्यशाला के समापन की घोषणा की।

दिनांक 28 अक्टूबर 2022 को बायोटेक विभाग द्वारा एक समूह चर्चा का आयोजन किया गया जिसका विषय **"Industrial Fermentation"** रहा। समूह चर्चा में बी०एस–सी० बायोटेक प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष के छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के संयोजक सहा० प्राध्यापक श्री गोविंद भारद्वाज रहे।

महाविद्यालय में दिनांक 29 अक्टूबर 2022 को वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा एक वानस्पतिक वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बी०एस–सी० प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष के छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। वाद–विवाद में **"Ozone Layer Depletion & Green House Effect"** पर छात्र–छात्राओं ने अपने विचार व्यक्त किये और वातावरण को बचाने के सम्बन्ध में अपने सुझाव दिये। कार्यक्रम की संयोजक सहा० प्राध्यापिका सुश्री अंकिता भारद्वाज रहीं।

दिनांक 21 नवम्बर 2022 को बायोटेक विभाग द्वारा एक ऑनलाइन समूह चर्चा का आयोजन किया गया जिसका विषय **"Plant Genetic Recourses"** रहा। समूह चर्चा में एम०एस–सी० बायोटेक प्रथम व द्वितीय वर्ष के छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के संयोजक सहा० प्राध्यापक डा० भीम सिंह रहे।



गणित विभाग द्वारा दिनांक 26 नवम्बर 2022 को परास्नातक व स्नातक वर्ग के सभी छात्र–छात्राओं की गणित विषय में रूचि बढ़ाने के लिये एक महाविद्यालय स्तर सेमीनार का आयोजन किया गया जिसका विषय ''दैनिक जीँवन में गणित'' रहा। सेमिनार के मुख्य अतिथि प्रो० डा० भोपाल सिंह, एन०आर०ई०सी० कॉलिज खुर्जा रहे जिन्होंने सेमिनार में उपस्थित विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में गणित के अनुप्रयोग की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में कार्यवाहक प्राचार्य डा० नीरज कुमार, सूरजभान विद्या मन्दिर इण्टर कॉलिज के प्रधानाचार्य श्री प्रभात कुमार गुप्ता, कार्यालय अधीक्षक श्री गुणेश कुमार, सहा० प्राध्यापक श्री मंदीप सिंह, श्री गौरव गुप्ता एवं सहा० प्राध्यापिका सुश्री साक्षी अग्रवाल ने भी उपरोक्त विषय पर अपने– अपने विचार व्यक्त किये। सेमीनार में बी०एस–सी० प्रथम वर्ष की छात्रा दीपिका शर्मा, एम०एस–सी० प्रथम वर्ष की छात्रा शालिनी गोयल तथा बी०ए० द्वितीय वर्ष की छात्रा कल्पना ने भी दैनिक जीवन में गणित की उपयोगिता को समझाया। कार्यक्रम का संचालन बी०एस–सी० प्रथम वर्ष की छात्राओं निवेदिता तथा नीशू ने किया तथा रजनी, तुलसी,कशिश एवं प्रतिभा ने कार्यक्रम में अपना सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के संयोजक गणित विभाग के सहा. प्राध्यापक श्री मंदीप सिंह रहे।



दिनांक 30 नवम्बर 2022 को महाविद्यालय के बी०सी०ए० विभाग द्वारा ''राष्ट्रीय कम्प्यूटर सुरक्षा दिवस'' पर एक मौखिक प्रस्तुतीकरण का आयोजन किया गया जिसका विषय कम्प्यूटर एवं साइबर सुरक्षा रहा जिसमें बी०सी०ए० तथा अन्य पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में कम्प्यूटर तथा अन्य उपकरणों की साइबर सुरक्षा से सम्बन्धित सभी पहलुओं पर विचार विमर्श किया गया जैसे कि सुरक्षित लेन देन, ऑनलाइन फ्रॉड, साइबर लॉ क्राइम, इंटरनेट हैकिंग, डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड का सही उपयोग, इंटरनेट बैंकिंग तथा सोशल मीडिया का सुरक्षित प्रयोग आदि। कार्यक्रम के संयोजक सहा० प्राध्यापक श्री पुष्पेंद्र सिंह व सहा० प्राध्यापक श्री पीयूष मोहन रहे। इनके अतिरिक्त कार्यक्रम में का० प्राचार्य डा० नीरज कुमार, बी०सी०ए० विभागाध्यक्ष श्री संभव सिंघल, सहा० प्राध्यापक श्री राजकुमार शर्मा एवं सहा० प्राध्यापिका श्रीमती मुक्ता गौड़ ने भी कम्प्यूटर एवं साइबर सुरक्षा के सम्बन्ध में अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन बी०सी०ए० तृतीय वर्ष की छात्राओं प्रिया व प्रेरणा ने किया। इनके अतिरिक्त निखिल, सुयश, तनुज, सचिन, नितेश, लोकेश, प्रियंका,आंचल, योगिता,युक्ता,सोनू,दुष्यंत,विवेक तथा मधुर आदि विद्यार्थियों ने अपने अपने विषयों पर सुंदर प्रस्तुतियां दी।



चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता को दृष्टिगत रखते हुये महाविद्यालय में छात्र–छात्राओं को सौ मी० व चार सौ मी० महिला सौ मी० चार सौ मी० पुरूष बाधा दौड़ तथा 4 गुणा 100 मी० तथा 4 गुणा 400 मी० रिले रेस तथा गोला फेंक, चक्का फेंक एवं हैमर थ्रो आदि खेलों का विशेष प्रशिक्षण शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष श्री ब्रजपाल सिंह, सहा० प्राध्यापक श्री राहुल भारद्वाज तथा बी०सी०ए० विभाग के सहा० प्राध्यापक श्री पुष्पेंद्र सिंह द्वारा प्रदान किया गया।

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की ''अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता'' का आयोजन दिनांक 2, 3 व 4 दिसम्बर 2022 को एन०सी०पी०, नोएडा में किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा तनु चौधरी बी०कॉम तृतीय वर्ष ने हैमर थ्रो में तथा काजल चौधरी बी०ए० प्रथम वर्ष ने 400 मी० बाधा दौड़ में एवं छात्राओं नीरू बी०ए० प्रथम वर्ष, लकी तोमर बी०ए० द्वितीय वर्ष, काजल बी०ए० तृतीय वर्ष तथा नेहा बी०एस–सी० प्रथम वर्ष बायो० ने 4 गुणा मी० रिले रेस में, कुल 6 कांस्य पदक प्राप्त किये। प्रतियोगिता के कोच शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष श्री ब्रजपाल सिंह,सहा० प्राध्यापक श्री राहुल भारद्वाज तथा बी०सी०ए० विभाग के सहा० प्राध्यापक श्री पुष्पेंद्र सिंह रहे।



दिनांक 11 दिसम्बर 2022 को बी०सी०ए० चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा ''सूक्ष्म प्रोजेक्ट'' प्रस्तुति दी गयी जिसमें बी०सी०ए० तृतीय वर्ष के सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया। बी०सी०ए० प्रथम व द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने इन प्रस्तुतियों को देखा व भाग लिया। इस कार्यक्रम के संयोजक सहा० प्राध्यापक श्री पुष्पेंद्र सिंह रहे तथा इनके साथ विभाग के समस्त सहा० प्राध्यापकों ने भी सहयोग किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के का० प्राचार्य डा० नीरज कुमार तथा पुस्तकालयाध्यक्ष श्री प्रदीप कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किये गये प्रोजेक्टों का अवलोकन किया तथा उनका उत्साहवर्धन किया।



महाविद्यालय में पढ़े भारत अभियान के अंतर्गत 12 दिसम्बर 2022 को एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय ''नशा रोधी व आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना'' रहा। कार्यक्रम में बी०एस–सी०, बी०ए० व बी०कॉम प्रथम व तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के संयोजक सहा० प्राध्यापिका श्रीमती कविता चौधरी व सह संयोजक सहा० प्राध्यापक श्री संभव सिंघल रहे। कार्यक्रम के प्रभारी सहा० प्राध्यापिका डा० हेमा राघव व सहा० प्राध्यापिका डा० कुशमाण्डे आर्या रहीं। कार्यक्रम में का० प्राचार्य डा० नीरज कुमार तथा कार्यालय अधीक्षक श्री गुणेश कुमार भी उपस्थित रहे।



जंतु विज्ञान विभाग द्वारा दिनांक 13 दिसम्बर 2022 को एक मिनी सेमीनार का आयोजन किया गया जिसका विषय ''संक्रामक बीमारियां, कारण व निवारण'' रहा। सेमीनार में बी०एस–सी० प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष के सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में का० प्राचार्य डा० नीरज कुमार, सहा० प्राध्यापक डा० कुलदीप सिंह, सहा० प्राध्यापिका सुश्री पल्लवी शर्मा तथा कार्यालय अधीक्षक श्री गुणेश कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक व संचालक सहा० प्राध्यापक श्री यतन शर्मा रहे।



दिनांक 15 दिसम्बर 2022 को महाविद्यालय में पढ़े भारत अभियान के अंतर्गत 100 दिन का अभियान चलाये जाने के क्रम में का० प्राचार्य डा० नीरज कुमार के निर्देशन में स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य ने छात्र– छात्राओं को लोगों के बीच जाकर अपने बच्चों को पढ़ाने के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया। प्रतियोगिता में लगभग 70 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्राचार्य ने बताया कि प्रतियोगिता का परिणाम 17 दिसम्बर को घोषित किया जायेगा तथा 26 जनवरी को प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जायेगा। ''स्लोगन प्रतियोगिता'' के संयोजक सहा० प्राध्यापिका श्रीमती कविता चौधरी, सहा० प्राध्यापक श्री संभव सिंघल, सहा० प्राध्यापक श्री यतन शर्मा, सहा० प्राध्यापिका सुश्री पल्लवी शर्मा, सहा० प्राध्यापिका डा० कुशमाण्डे आर्या, सहा० प्राध्यापक श्री राहुल भारद्वाज तथा कार्यालय अधीक्षक श्री गुणेश कुमार रहे।



दिनांक 17 दिसम्बर 2022 को बी०सी०ए० विभाग द्वारा **"C,C++ & JAVA Programming Language"** पर एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बी०सी०ए० के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के संयोजक सहा० प्राध्यापक श्री पुष्पेंद्र सिंह, श्री राजकुमार शर्मा व सहा० प्राध्यापिका श्रीमती मुक्ता गौड़ एवं सह संयोजक विभागाध्यक्ष श्री संभव सिंघल व सहा० प्राध्यापक श्री पीयूष मोहन रहे। साथ ही विभाग द्वारा यह भी बताया गया कि प्रत्येक भाषा के विजेताओं को गणतंत्र दिवस पर पुरस्कृत किया जायेगा।

दिनांक 17 दिसम्बर 2022 को वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा ''नशारोधी आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना'' विषय पर एक नाटक का आयोजन किया गया जिसमें बी०एस–सी० प्रथम सेमेस्टर तथा बी०कॉम के छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम की संयोजिका सहा० प्राध्यापिका सुश्री रेशू भारद्वाज व सह संयोजिका सहा० प्राध्यापिका सुश्री अंकिता भारद्वाज रहीं।



महाविद्यालय में दिनांक 18 दिसम्बर 2022 को वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा ''वेस्ट मेटीरियल'' से गमले बनाने तथा पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बी०एस–सी० प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष के छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने पुरानी कोल्ड ड्रिंक की बोतलों तथा पुराने टायरों आदि से गमले बनाकर उनमें पौधारोपण किया। कार्यक्रम की संयोजक सहा० प्राध्यापिका सुश्री रेशू भारद्वाज रहीं।



दिनांक 19.12.2022 को श्यामलाल सरस्वती महाविद्यालय में पढ़े भारत अभियान के अंतर्गत ''फोटोग्राफी प्रतियोगिता'' का आयोजन हुआ जिसमें दस विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता का शीर्षक ''एंटी ड्रग'' था। विद्यार्थियों ने विषय के माध्यम से प्रतियोगिता के शीर्षक को समझाने की कोशिश की। इस कार्यक्रम की संचालिका सहा० प्राध्यापिका श्रीमति कविता चौधरी रहीं तथा कार्यक्रम संयोजक सहा० प्राध्यापक श्री पीयूष मोहन, बी०सी०ए० विभाग रहे। कार्यक्रम में का० प्राचार्य डॉ० नीरज कुमार व कार्यालय अधीक्षक श्री गुनेश कुमार तथा सहा० प्राध्यापक श्री संभव सिंघल भी उपस्थित रहे।



महाविद्यालय में ''नेहरू युवा केंद्र द्वारा ब्लॉक स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता'' का आयोजन दिनांक 21 दिसम्बर 2022 को किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय की खो–खो टीम ने स्वर्ण व रजत पदक प्राप्त किये तथा 800 मी० महिला दौड़ में नीरू बी०ए० प्रथम वर्ष ने स्वर्ण पदक व 400 मी० महिला दौड़ में प्रियंका शर्मा, बी०ए० प्रथम वर्ष ने रजत पदक प्राप्त किये। इस प्रतियोगिता के आधिकारिक रेफरी शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष श्री ब्रजपाल सिंह, सहा० प्राध्यापक श्री राहुल भारद्वाज तथा बी०सी०ए० विभाग के सहा० प्राध्यापक श्री पुष्पेंद्र सिंह रहे तथा कार्यक्रम को सुव्यवस्थित रूप से आयोजित कराने के लिये उपरोक्त तीनों सहायक प्राध्यापकों को नेहरू युवा केंद्र द्वारा सम्मानित किया गया।



महाविद्यालय में दिनांक 21 दिसम्बर 2022 को "पढ़े भारत अभियान" के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी०ए० प्रथम व तृतीय सेमेस्टर और बी०एस–सी० प्रथम व तृतीय सेमेस्टर के लगभग 12 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में का० प्राचार्य डा० नीरज कुमार, सहा० प्राध्यापक श्री संभव सिंघल, सहा० प्राध्यापक श्री मनीष कुमार, सहा० प्राध्यापिका सुश्री पल्लवी शर्मा व सहा० प्राध्यापिका सुश्री सलोनी भटनागर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सहा० प्राध्यापिका डा० कुशमाण्डे आर्या ने किया तथा संयोजिका सहा० प्राध्यापिका श्रीमती कविता चौधरी रहीं।



श्यामलाल सरस्वती महाविद्यालय, शिकारपुर में दिनांक 22 दिसम्बर तथा दिनांक 31 दिसम्बर 2022 को "राष्ट्रीय सेवा योजना" के सामान्य "एक दिवसीय शिविरो" का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एन०एस०एस० के 100 स्वयंसेवी छात्र–छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। शिविरों में एन०एस०एस० के कार्यक्रम अधिकारी सहा० प्राध्यापक डा० राजकुमार सिंह, का० प्राचार्य डा० नीरज कुमार, कार्यालय अधीक्षक श्री गुणेश कुमार तथा स्वयंसेवी छात्र–छात्रायें जोया सैफी, मीनू, रेखा, रितु, शिवानी, मौ० शारिक, रूपेश, लोकेश इत्यादि उपस्थित रहे।

दिनांक 23 व 24 दिसम्बर 2022 को बी०सी०ए० विभाग द्वारा **"C and Computer Fundamental"** विषय पर एक प्रस्तुति का आयोजन किया गया जिसमें बी०सी०ए० प्रथम वर्ष के सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया और उपरोक्त विषयों पर अपनी प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम के संयोजक सहा० प्राध्यापिका श्रीमती मुक्ता गौड़ एवं सहा० प्राध्यापक श्री पीयूष मोहन रहे। कार्यक्रम में बी०सी०ए० विभाग के सभी प्राध्यापकों ने सहयोग किया।

26 दिसम्बर 2022 को बी०सी०ए० विभागाध्यक्ष श्री संभव सिंघल द्वारा विद्यार्थियों के लिये एक "कैरियर गाइडेंस सम्बन्धी सेमीनार" का आयोजन किया गया जिसमें विभाग के सभी प्राध्यापकों व विद्यार्थियों ने भाग लिया। सेमीनार में बुलन्दशहर से आये अतिथियों द्वारा रोजगार प्राप्त करने तथा सही दिशा में कैरियर का चुनाव करने के सम्बन्ध में अपने विचार प्रस्तुत किये। उनके द्वारा विद्यार्थियों को अपनी क्षमताओं को पहचान कर उनके अनुसार अपनी प्रतिमा को आगे बढाने हेतु प्रोत्साहित किया गया।



दिनांक 27 दिसम्बर 2022 को बी०सी०ए० विभाग द्वारा नवीन शिक्षा पद्वति के अंतर्गत प्रवेशित विद्यार्थियों के लिये एक **"Basic Computer Knowledge Competition"** का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी०ए०, बी०कॉम तथा बी०एस–सी० प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा भाग लिया गया। बी०सी०ए० विभाग के सभी सहा० प्राध्यापकों द्वारा कार्यक्रम में सहयोग किया गया। कार्यक्रम के सह संयोजक विभागाध्यक्ष श्री संभव सिंघल, सहा० प्राध्यापक श्री पुष्पेंद्र सिंह, श्री राजकुमार शर्मा, श्री पीयूष मोहन एवं सहा० प्राध्यापिका श्रीमती मुक्ता गौड़, बी०कॉम विभाग से सहा० प्राध्यापक श्री सुनील कुमार, श्री मनीष कुमार व सहा० प्राध्यापिका सलोनी भटनागर रहे तथा बी०सी०ए० विभाग के छात्र निखिल द्वारा उन्हें सहयोग किया गया। प्रतियोगिता का परिणाम दिनांक 31 दिसम्बर 2022 को घोषित किया गया जिसमें बी०एस–सी० बायो० प्रथम वर्ष की छात्रा भावना चौधरी ने प्रथम स्थान, बी०कॉम प्रथम वर्ष की छात्रा निशा चौधरी, बी०ए० प्रथम वर्ष की छात्रा यति भारद्वाज, बी०एस–सी० गणित प्रथम वर्ष की महक शर्मा तथा बी०एस–सी० बायो० प्रथम वर्ष की छात्रा क्षमा चौधरी ने द्वितीय स्थान एवं बी०कॉम प्रथम वर्ष की छात्रा तान्या राजौरा, बी०ए० प्रथम वर्ष की छात्राओं निशा व रूबल, बी०कॉम प्रथम वर्ष की छात्रा मेघा बरगोती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विभाग द्वारा बताया गया कि प्रतियोगिताओं के सभी विजेताओं को गणतंत्र दिवस पर पुरस्कृत किया जायेगा।

दिनांक 30 दिसम्बर 2022 को पढ़े भारत अभियान के अंतर्गत **"Anti Drugs" subject** पर **"Discussion With Expert (Expert Talk)"** का आयोजन किया गया जिसमें नयी शिक्षा पद्धति के अंतर्गत चल रही कक्षाओं के विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम में तृतीय सेमेस्टर की छात्राओं नीशू भारद्वाज, कामिनी, नीशू, लवली, मेघा, बी०ए० प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं ऊषा, वर्षा, भावना तथा बी०कॉम प्रथम सेमेस्टर की छात्रा खुशी व तृतीय सेमेस्टर की छात्रा छवि तोमर आदि ने भाग लिया। कार्यक्रम में विशिष्ट विषय विशेषज्ञ सहा० प्राध्यापक डा० कुलदीप सिंह, का० प्राचार्य डा० नीरज कुमार, कार्यक्रम संयोजक सहा० प्राध्यापिका श्रीमती कविता चौधरी व सहा० प्राध्यापक श्री संभव सिंघल तथा कार्यक्रम प्रभारी सहा० प्राध्यापक डा० कुष्पेंद्र सिंह रहे।



महाविद्यालय में पढे भारत अभियान के अंतर्गत 100 दिन का अभियान चलाये जाने के क्रम में जंतु विज्ञान विभाग द्वारा 31 दिसम्बर 2022 को एक समूह चर्चा का आयोजन किया गया जिसका विषय "नशा रोधी व आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना" रहा। कार्यक्रम में बी०एस–सी०, बी०ए० व बी०कॉम के लगभग 25 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिनको दो ग्रुप मदर टेरेसा ग्रुप व सरोजिनी नायडू ग्रुप में बांटा गया। कार्यक्रम में का० प्राचार्य डा० नीरज कुमार, सहा० प्राध्यापक डा० कुलदीप सिंह तथा कार्यालय अधीक्षक श्री गुणेश कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक सहा० प्राध्यापिका श्रीमती कविता चौधरी, सहा० प्राध्यापक श्री संभव सिंघल रहे। कार्यक्रम के प्रभारी सहा० प्राध्यापक श्री यतन शर्मा व सहा० प्राध्यापिका सुश्री पल्लवी शर्मा रहे। कार्यक्रम का संचालन छात्रा कीर्ति कौशिक ने किया।

<u>बुक–पोस्ट</u>

सेवा में, ______________________

______________________

______________________

______________________

**महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम :–**

- एम०एड० (दो वर्षीय)
- बी०एड० (दो वर्षीय)
- एम०एस–सी० गणित
- एम०एस–सी० रसायन विज्ञान
- एम०एस–सी० बायोटेक्नोलॉजी
- एम०ए० गृह विज्ञान
- एम०ए० समाजशास्त्र
- बी०एस–सी० गणित
- बी०एस–सी० बायोलॉजी
- बी०एस–सी० बायोटेक्नोलॉजी
- बी०सी०ए०
- बी०कॉम०
- बी०ए० (केवल छात्राओं हेतु)